संख्या-5/1/2015-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 29 जनवरी, 2016

## प्रेस विज्ञप्ति

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - दिसम्बर, 2015

दिसम्बर, 2015 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1 अंक घटकर 269 (दो सौ उनहत्तर) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में नवम्बर, 2015 एवं दिसम्बर, 2015 के बीच (-) 0.37 प्रतिशत की कमी रही जबकि पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच कोई बदलाव दर्ज नहीं किया गया।

सूचकांक में दर्ज कमी में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 1.36 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में अरहर दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, प्याज, आलू, टमाटर, मटर तथा अन्य हरी सब्जियां एवं फल, पेट्रोल, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। उपरोक्त प्रभाव को चावल, गेहूं व गेहूं आटा, मछली ताजा, अण्डे (मुर्गी), पोल्ट्री (चिकन), बकरे का मांस, दूध (भैंस), ई.एस.आई. प्रीमियम, रेल किराया, नाई प्रभार, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि ने नियंत्रित करने का प्रयास किया।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 6.72 प्रतिशत तथा गत वर्ष के नवम्बर माह के 5.86 प्रतिशत की तुलना में इस माह 6.32 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 7.86 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 5.73 प्रतिशत की तुलना में 7.94 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, लुधियाना के सूचकांक में 7 अंकों की अधिकतम कमी रही जिसके बाद अहमदाबाद एवं राउरकेला (6 अंक प्रत्येक) तथा त्रिपुरा, वाराणसी, लखनऊ एवं कोडरमा (5 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 9 केन्द्रों में 4 अंक, 4 केन्द्रों में 3 अंक, 11 केन्द्रों में 2 अंक तथा 12 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत, क्विलोन में अधिकत्तम 7 अंकों की वृद्धि रही जिसके बाद 4 अंकों की वृद्धि वारंगल तथा 3 अंकों की वृद्धि रंगापारा-तेजपुर, छिंदवाड़ा एवं मुण्डाक्याम में पाई गई। अन्य 5 केन्द्रों में 2 अंक तथा 9 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 16 केन्द्रों का सूचकांक स्थिर रहा।

कुल 37 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा अन्य 40 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। जबलपुर केन्द्र का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी जनवरी, 2016 माह के लिए दिन सोमवार, फरवरी 29, 2016 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेब साइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(श्याम सिंह नेगी)
उप महानिदेशक